

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय

दक्षिण मध्य रेलवे
सिंकदराबाद



राजभाषा
विभाग

# सिकंदराबाद दर्पण

## त्रैमासिक ई-सूचना पत्र (अक्तूबर-2024 – दिसंबर-2024) अंक-III


संरक्षक

श्री भरतेश कुमार जैन
मंडल रेल प्रबंधक

मार्गदर्शक

श्री एम.गोपाल

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा)

संपादक

श्री हेमंत वाडेकर
राजभाषा अधिकारी

सहयोग

श्री प्रणय कुमार सिंह
कनिष्ठ अनुवादक


### सिकंदराबाद-वास्को-द-गामा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना:



श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार ने 06 अक्तूबर, 2024 को सिकंदराबाद स्टेशन से सिकंदराबाद-वास्को-द-गामा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई. इस अवसर पर माननीय सांसद, राज्यसभा श्री एम. अनिल कुमार यादव भी उपस्थित थे. श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे.

### स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत- 'स्वच्छता-पखवाड़ा' विशेष अभियान 4.0:



मंडल ने स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 01 अक्तूबर से 15 अक्तूबर 2024 तक स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत –स्वच्छता - पखवाड़ा' स्वच्छता अभियान मनाया, जिसका विषय 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' था.

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का समापन

दिनांक 15.10.24 को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर प्रबंधक/सिकंदराबाद की अध्यक्षता में 'स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह-2024 का आयोजन किया गया. स्वच्छता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. देश को साफ और स्वच्छ रखने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहे और सीएचआई/हैदराबाद द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी का भी दौरा किया और कचरे से बने सामानों को देखकर प्रभावित हुए और कर्मचारियों की सराहना की.






## नगरद्वय के यात्री संघों के साथ बैठक

मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने 16 अक्टूबर, 2024 को संचालन भवन में एमएमटीएस (मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम) और उपनगरीय गाड़ी सेवाओं में सुधार के संबंध में नगरद्वय के विभिन्न यात्री संघों के सदस्यों के साथ बैठक की. संचालन भवन में हुई बैठकों में डीआरयूसीसी, ट्विन-सिटीज उपनगरीय यात्री संघ, सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, अम्मुगुडा, श्री राघवेंद्र नगर कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन, विवेकानंदपुरम वेलफेयर एसोसिएशन और एससीआर रेल फैन्स एसोसिएशन जैसे संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे.




संपादकीय संपर्क: राजभाषा अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सिकंदराबाद मंडल, द.म.रे. 500003.

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह और "राष्ट्रीय एकता दिवस" पर "सत्यनिष्ठा वॉकथॉन"

श्री भरतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत संचालन भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को "राष्ट्रीय एकता दिवस" और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस और सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के अंतर्गत सत्यनिष्ठा वॉकथॉन में भी भाग लिया. सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर एक सेमिनार भी आयोजित किया गया.






## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोषित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के अंतर्गत, जम्मीकुंटा रेलवे स्टेशन को सरकारी कार्यालय श्रेणी में रेलवे स्टेशन सेक्टर में "द्वितीय पुरस्कार" और हैदराबाद रेलवे स्टेशन को "योग्यता प्रमाणपत्र" मिला. मंडल द्वारा ऊर्जा संरक्षण उपायों के अभिनव और प्रभावी कार्यान्वयन और उनका सख्ती से पालन करने से मंडल को यह पुरस्कार प्राप्त करने में मदद मिली है.





निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल

- भारतेंदु हरिश्चंद्र

## महाप्रबंधक/दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा रामगुंडम/काजीपेट का निरीक्षण

दि.13.12.2024 को श्री अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक/द.म.रे ने मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे विनिर्माण यूनिट/काजीपेट का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण/प्रगति कार्यों पर चर्चा की तथा परियोजना को पूरा पूरा करने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की.





.

## हिंदी कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 30.10.2024 को डीजल लोको शेड / काजीपेट में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया.



दिनांक 30.10.2024 को विद्युत लोको शेड / काजीपेट में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया.



दि. 20.11.24 को मंरेप्र कार्यालय, सभा भवन, सिकंदराबाद में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया.




दि.16.12.24 को मंरेप्र/सिकं. की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182वीं बैठक आयोजित की गई.



**हिंदी सभी गुणों से अलंकृत है जिनके बल पर वह विश्व की साहित्यिक भाषाओं की अगली श्रेणी में सभासीन हो**

**--- मैथलीशरण गुप्त**

## हिंदी तकनीकी संगोष्ठी  का आयोजन

दिनांक 10.12.2024 को चिलकलगुडा स्वास्थ्य केंद्र में हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया.



दिनांक 20.12.2024 को सीसीसी / सिकंदराबाद में हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया.




## राजभाषा अधिकारी द्वारा निरीक्षण

दिनांकः 30.10.2024 को काजीपेट स्टेशन में राजभाषा अधिकारी द्वारा निरीक्षण करते हुए.



राजभाषा अधिकारी द्वारा रामगुंडम स्टेशन में निरीक्षण करते हुए.



### राजभाषा नियम

**राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले कागजातों की सूची जिनको हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप में जारी करना अनिवार्य है.**

| | |
|---|---|
| सामान्य आदेश | परमिट |
| सूचनाएं (आरक्षण चार्ट सहित) | टेंडर फार्म और नोटिस |
| अधिसूचनाएं | संकल्प |
| प्रेस विज्ञपतियां/प्रेस नोट | नियम |
| संविदाएं | संसद में प्रस्तुत सरकारी प्रलेख/कागजात |
| करार | संसद में प्रस्तुत प्रशासनिक व अन्य रिपोर्ट |
| लाइसेंस | --- |

राजभाषा

### आइए हिंदी सीखें

| | |
|---|---|
| पुरस्कार | Award |
| संवर्ग | Cadre |
| रद्दकरण | Cancellation |
| समिति | Committee |
| स्पष्टीकरण | Clarification |
| प्रमाणपत्र | Certificate |
| आकस्मिक | Casual |

हिंदी हमारे देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत है.

- माखन लाल चतुर्वेदी